दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 49 मुरादाबाद 12 June 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## गोरखपुर एयरपोर्ट पर सीएम योगी की फ्लीट में चूक, एसएसपी ने आठ पुलिस कर्मियों को किया सस्पेंड



शनिवार को गोरखपुर में सीएम योगी की फ्लीट में चूक होने पर गोरखपुर एसएसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। यह चूक उस समय हुई जब सीएम योगी गोरखपुर एयरपोर्ट पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करने के लिए जा रहे थे। फ्लीट में लापरवाही पर एसएसपी ने आठ पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। एसएसपी ने कार्रवाई करते हुए बताया शनिवार को गोरखपुर में सीएम योगी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यक्रम को लेकर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई थी। सीएम योगी गोरखपुर एयरपोर्ट पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करने जा रहे थे। एसएसपी ने बताया कि एयरपोर्ट गेट पर ड्यूटी में लगे आठ पुलिस कर्मियों ने उसी समय कुसम्ही से आने वाले वाहनों को गलत दिशा में मोड़ दिया, जिसकी वजह से वाहन फ्लीट के सामने आ गई। जिस वजह से सीएम योगी की फ्लीट को एयरपोर्ट गेट में प्रवेश करने में काफी समस्या का सामना करना पड़ा। एसएसपी ने आठ पुलिसकर्मियों के काम में लापरवाही को मानते हुए इन्हें सस्पेंड कर दिया।

### ये पुलिस कर्मी किए गए सस्पेंड


एसएसपी ने जिन आठ पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया है उनमें निरीक्षक यदुनंदन यादव, उप निरीक्षक अजय कुमार राय, आरक्षी ब्रजेश कुमार यादव, सत्येन्द्र कुमार यादव, विवेक कुमार मिश्रा, सुजीत यादव, महिला आरक्षी अरुणिमा मिश्रा और किरन चौधरी का नाम शामिल है।

## प्रयागराज में भड़की हिंसा का जेएनयू कनेक्शन, पुलिस के रडार पर मुख्य आरोपित जावेद अहमद उर्फ पंप और बेटी



प्रयागराज- भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा के बयान के विरोध में प्रयागराज में शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद भड़के उपद्रव का जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) से भी कनेक्शन सामने आ गया है। देश भर में जेएनयू से ही सीएए तथा एनआरसी का विरोध प्रारंभ हुआ था। प्रयागराज में शुक्रवार को हुए बवाल के मास्टर माइंड जावेद अहमद उर्फ पंप से पूछताछ चल रही है। जावेद अहमद की बेटी जेएनयू में पढ़ रही बेटी की भी इस मामले में संलिप्तता की आशंका है। पुलिस सारा से भी पूछताछ करेगी। भाजपा की पूर्व प्रवक्ता के बयान के विरोध में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद प्रदेश के अन्य शहरों के साथ संगमनगरी प्रयागराज में मुसलमानों का विरोध काफी उग्र हो गया। यहां पर कुछ लोगों ने साजिश के तहत नाबालिग बच्चों को आगे कर पुलिस पर पथराव किया था। नमाज के बाद अटाला क्षेत्र में हुए उपद्रव के मास्टर माइंड मोहम्मद जावेद उर्फ जावेद पंप को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कल जावेद के मोबाइल फोन से व्हाट्सएप चैट और काल डिटेल डिलीट किए गए हैं। पुलिस उसकी रिकवरी कर तार जोड़ने में जुटी है। एसएसपी अजय कुमार का कहना है पूछताछ में पंप का कारोबार करने वाले जावेद ने बताया है कि उसकी बेटी दिल्ली जेएनयू में पढ़ती है। पुलिस को आशंका है कि इस पूरे घटनाक्रम में जावेद की बेटी भी भारत बंद के आह्वान को लेकर संलिप्तता है। उसकी संदिग्ध भूमिका की भी जांच होगी। जावेद पंप ने लोगों को अटाला में एकत्र होने के लिए आह्वान किया था। पुलिस अब जावेद पंप ने पूछताछ हो रही है। पुलिस का कहना है कि इस पूरी हिंसा में दिल्ली के जेएनयू में पढ़ने वाली जावेद पंप की बेटी सारा का नाम भी सामने आ रहा है। जावेद पंप की बेटी भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में आगे रहती है। संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का काम करती है। जावेद पंप के बाद प्रयागराज उसकी बेटी से भी पूछताछ करेगी। प्रयागराज पुलिस अब दिल्ली पुलिस से बात कर रही है और उसके बाद सारा अहमद से पूछताछ करेगी। उसकी बेटी की इस पूरे बवाल में क्या भूमिका थी इस बारे में जानकारी ली जा रही है। जावेद अहमद की बेटी जेएनयू की छात्रा सारा अहमद है। प्रयागराज हिंसा के आरोपियों में जावेद पंप के साथ सैफ, कैफ और फैजान पठान सबसे बड़े मास्टर माइंड हैं। पुलिस ने बवाल करने वाले अज्ञात पांच हजार उपद्रवियों के खिलाफ 29 धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इसमें 70 नामजद में 68 की गिरफ्तारी भी की गई है। अब अटाला में हुए अवैध निर्माण और बिजली के बकायेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी है। एक्ट और एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्रयागराज के उपद्रव के आरोपितों में मुख्य रुप से अटाला बड़ी मस्जिद के पेश इमाम अली अहमद के साथ एआइएमआइएम जिलाध्यक्ष शाह आलम, जीशान रहमानी, सीएए प्रोटेस्ट लीडर और जेएनयू की छात्रा आइसा कार्यकर्ता सारा अहमद, वामपंथी नेता आशीष मित्तल, सोशल एक्टिविस्ट जावेद अहमद उर्फ पंप, स्थानीय पार्षद मोईनुद्दीन और एक्टिविस्ट अली अहमद शामिल हैं।

## सपा गठबंधन में दरार: केशव देव मौर्य को अखिलेश ने किया पैदल, गिफ्ट में दी फार्च्यूनर कार वापस मांगी



समाजवादी पार्टी ने गठबंधन तोड़ने के ऐलान के बाद महान दल के अध्यक्ष केशव देव मौर्य को पैदल कर दिया है। सपा ने विधानसभा चुनावों से पहले केशव देव मौर्य को एक फार्च्यूनर कार गिफ्ट में दी थी, जिसे गठबंधन टूटने के बाद वापस मंगा ली है। सपा के सूत्रों ने दावे के साथ इस बात की तस्दीक है कि सपा से गठबंधन तोड़ने वाले महान दल प्रमुख केशव देव मौर्य से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गिफ्ट मे दी गई फार्च्यूनर कार वापस ले ली है। यूपी विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद राज्यसभा और विधान परिषद चुनाव में हिस्सेदारी ना मिलने से खफा केशव देव मौर्य ने सपा से गठबंधन तोड़ने की बात कह कर कई तरह के आरोप भी लगाए। उन्होंने सपा से गठबंधन तोड़ने का एलान किया है। सपा गठबंधन में महान दल को केवल दो सीटें मिली थीं।

### केशव की पत्नी और बेटे को मिली थी चुनाव में हार

केशव की पत्नी और बेटे को सपा के चुनाव चिह्न साइकिल पर चुनाव लड़ाया गया था लेकिन दोनों पराजित हो गए। विधानसभा चुनाव के दरम्यान सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा प्रो रामगोपाल यादव ने केशव देव मौर्य की जमकर तारीफ करते हुए उन्हे भगवान श्री कृष्ण का अवतार बताया था।

### केशव देव मौर्य की रामगोपाल यादव ने की थी श्रीकृष्ण से तुलना

27 अगस्त को सैफई महोत्सव पंडाल मे आयोजित रैली मे समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव ने महान दल के अध्यक्ष केशव देव मौर्य की तुलना भगवान श्री कृष्ण से की थी। प्रो यादव ने कहा था कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के चुनावी रथ के सारथी महान दल के केशव देव मौर्य होंगे। केशव देव मौर्य से सपा ने जब गठबंधन किया था उस समय यह उम्मीद की गई थी कि केशव के जरिए समाजवादी पार्टी को खासा फायदा मिलेगा लेकिन ऐसा संभव नही हो सका। पिछडी जातियों मे प्रमुख शाक्य मौर्य कुशवाहा और सैनी वर्ग से ताल्लुक से जुडे केशव अपनी जाति पर प्रभाव नही छोड़ सके जबकि इसके विपरीत सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी से जुडे इस जाति से ताल्लुक रखने वाले नेताओं को असर व्यापक दिखाई दिया जिसका असर यह हुआ है कि भाजपा की ओर से उतारे गये शाक्य, मौर्य, कुशवाहा और सैनी वर्ग के उम्मीदवारो ने खासी कामयाबी पाकर भाजपा को ताकत प्रदान की।

### 2009 में कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ी थी महान दल

साल 2008 में वजूद में आए महान दल ने पहली बार 2009 लोकसभा में कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ी थी। 2009 में प्रदेश की दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था. हालांकि, उस चुनाव में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इसके बाद 2014 में महान दल ने तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन इस बार भी पार्टी को अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। 2019 में फिर कांग्रेस के साथ मिलकर लड़े, लेकिन इस बार जीत नसीब नहीं हुई। 2012 के विधानसभा में महान दल जीत नहीं सकी थी, लेकिन 20 सीटों पर प्रदर्शन काफी बेहतर रहा था। 2017 के विधानसभा चुनाव में महान दल ने 71 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, जिन्हें करीब साढ़े छह लाख वोट मिले । 2017 के विधानसभा चुनाव में महान दल के प्रदर्शन में 2012 की तुलना में गिरावट आई और सर्फि चार विधानसभा कासगंज, मधौगढ़, अमांपुर और पटियाली में ही उनके प्रत्याशी को 10 हजार से ज्यादा वोट हासिल हुए थे। महान दल का जनाधार बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद के इलाका में अच्छा खासा माना जाता है लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव मे समाजवादी पार्टी को महान दल कोई खास फायदा नही पहुचा सका है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी लोगो की शिकायतें, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




जालौन- जिलाधिकारी चांदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने उरई कोतवाली में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में जनसामान्य लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है उनको पारदर्शिता के साथ निस्तारित किया जाए साथ ही ग्राम समाजवाद सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान लगभग 07 शिकायतें फरियादियों द्वारा उनके समक्ष रखीं जिनको निस्तारित गुणवत्तापूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों निर्देश दिए। । उन्होंने कहा कि गांव समाज की जमीनों पर अवैध रूप से अतिक्रमण और कब्जा करने वालों के खिलाफ शासन के निर्देश का पालन करते हुए सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। यदि अवैध रूप से अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया है, तो मौके पर जाकर गंभीरता से लेकर कब्जा मुक्त कराएं साथ ही संबंधित के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही भी अमल में लाई जाए। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने कहा कि थानों में आने वाली शिकायतों को लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत प्राप्त होते ही शिकायत की विवेचना कर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी स्वयं शिकायतों को क्षेत्र में जाकर समस्या को सुने और गंभीरता से लेकर उसका निस्तारण करें।

# जिले में 12 से 18 जून तक बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को दिशा-निर्देश जारी

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही -विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर 12 जून से 18 जून तक बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को दिशा-निर्देश जारी किया है। उन्होंने बाल श्रम उन्मूलन के लिए राज्य शासन द्वारा निर्धारित कंडिकाओं के तहत कार्यक्रम सुनिश्चित करने के लिए वनमण्डल अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला पंचायत (डीआरडीए), महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास, सभी मुख्य नगर पंचायत अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण, जिला शिक्षा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को परिपत्र जारी कर बाल श्रमिक निषेध नियमों का पालन सुनिश्चित कराने कहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसको मनाए जाने का उद्देश्य 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से श्रम नहीं कराकर उन्हें शिक्षा दिलाने और आगे बढ़ने के लिए जागरूक करना है। कलेक्टर द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि 12 जून से 18 जून तक बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह का आयोजन किया जाए। इसके लिए आवश्यकता अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि का दल गठित कर बाल श्रम निषेध का प्रचार-प्रसार किया जाए। बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह के दौरान शहरी क्षेत्रों में स्थित संस्थानों में अधिनियम के अंतर्गत बालक एवं कुमार श्रम निषेध संबंधी सूचना दृष्टिगोचर स्थल पर प्रदर्शित किये जाने के संबंध में सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाए। बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर में गठित टॉस्क फोर्स के सभी सदस्यों सहित अन्य संबंधित विभागों तथा स्वयं सेवी संस्था को सम्मिलित किया जाए। बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह के दौरान बालक एवं कुमार श्रमिक नियोजित होने वाले संभावित क्षेत्र यथा होटल, ढाबा, वर्कशॉप, दुकान, ऑटो गैरेज, ईंट भट्ठा, कबाड़ी, इत्यादि के नियोजकों के संघ हाउसिंग सोसायटी के पदाधिकारी, श्रमिक संघो के पदाधिकारी तथा स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित कर बालक एवं कुमार श्रम उन्मूलन के प्रति जागरूकता के प्रयास किया जाए। बालक एवं कुमार श्रमिक को बाल कल्याण, बाल श्रम उन्मूलन एवं निषेध के प्रति जागरूकता के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन, महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से प्रत्येक आंगनबाड़ी भवन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा श्रम विभाग के माध्यम से नगरीय निकायों में स्थित प्रत्येक दुकानों-स्थापनाओं में बाल श्रम निषेध का सूचना प्रदर्शन दृष्टिगोचर स्थल पर अनिवारूप से प्रदर्शित कराया जाए। परिपत्र में कहा गया है कि जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिले में स्थित शालाओं में अभिभावक सम्मेलन आयोजित कर बच्चों की शिक्षा के महत्व से अवगत कराए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के माध्यम से चिन्हांकित बालक एवं कुमार श्रमिकों का अनिवार्य रूप से चिकित्सीय परीक्षण कराये जाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए। चिन्हांकित बालक एवं कुमार श्रमिकों तथा ड्रॉप आउट बच्चों के परिवार को केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं यथा आवास, राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, रोजगार मूलक ऋण योजनाएं इत्यादि से पात्रता अनुसार प्राथमिकता से लाभांवित किया जाय।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# जिले में 172 जोडों ने थामा एक दूसरे का हाथ



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम अन्तर्गत 05 स्थानों पर आयोजित हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 172 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति के 81, पिछडा वर्ग के 53, सामान्य वर्ग के 11 व अल्पसंख्यक वर्ग के 27 जोड़े का विवाह सम्पन्न हुआ। विकास खण्ड हरिहरपुररानी में कुल 35, जमुनहा में 30, इकौना के सीताद्वार में 70 व सिरसिया में 27 तथा नगर पालिका परिषद भिनगा में 10 लक्षित वर्ग की बेटियों की शादियां सम्पन्न हुई। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान मौजूद मा0 जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य व सम्भ्रान्तजन द्वारा नव विवाहित जोड़ों को सुखमय दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद देते हुए विदाई दी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान नव दम्पतियों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार उपहार भी भेंट किये गये। इसके अलावा विकास खण्ड इकौना के सीताद्वार में मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी इकौना आर0पी0 चौधरी, तहसीलदार इकौना प्रेम कुमार राय, खण्ड विकास अधिकारी गिलौला एस0पी0 सिंह, विकास खण्ड सिरसिया में ब्लाक प्रमुख एवं खण्ड विकास अधिकारी सिरसिया जितेन्द्रनाथ दुबे एवं विकास खण्ड जमुनहा में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित श्रीवास्तव, पार्टी पदाधिकारी जगदम्बिका वर्मा एवं खण्ड विकास अधिकारी जमुनहा गौरव पुरोहित ने नवविवाहित जोड़ों को सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आर्शीवाद प्रदान किया।

WWW.KNLSLIVE.COM

# गोवंशों को कोई दिक्कत न होने पावे, इसका रखा जाए ध्यान- राज्यमंत्री




लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-प्रदेश के राज्यमंत्री, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 के0पी0 मलिक जी ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी स्थित प्राथमिक विद्यालय पटना खास में डिजिटल लाइब्रेरी एवं स्मार्ट क्लास का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि स्मार्ट क्लास के संचालन से निश्चित ही उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम प्राप्त होंगे। जिससे बेहतर शिक्षा पाकर वे अपने प्रदेश एवं जनपद का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान मंत्री जी द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई और बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया।तदोपरान्त मंत्री ने पटना खरगौरा स्थित गौशाला का निरीक्षण कर जायजा लिया, जिसमें 71 गोवंश रह रहे है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चन्नी, भूसा, पानी, प्रकाश तथा जल निकासी आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से टीकाकरण व ईयर टैगिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। मंत्री ने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि समय से पशुओं का टीकाकरण होता रहे और समय से पशुओं का चिकित्सक द्वारा समय समय पर स्वास्थ्य जाँच भी कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि पशु बीमार न होने पाए।


www.knlslive.com

## सड़क पर सुरक्षित चलने को लेकर किया जागरूक



मुरादाबाद-राजकीय महाविद्यालय भोजपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं मिशन शक्ति के अंतर्गत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुहम्मद असलम खां ने की। प्राध्यापक डॉ. संदीप कुमार गुप्ता ने छात्रों को सड़क मार्ग पर सुरक्षित चलने के लिए विभिन्न दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने और कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करें। कभी भी नशे की हालत में या नींद आने की स्थिति में वाहन न चलाएं। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. संजू कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षित वाहन चलाने के बारे में विभिन्न नियमों की जानकारी दी। सड़क सुरक्षा प्रभारी डॉ. मनोज कुमार पारस ने सभी छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। छात्र-छात्राओं को लेकर एक सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई। वहीं मिशन शक्ति के अंतर्गत स्वच्छता तथा स्वास्थ्य जागरूकता पर मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. सरस्वती ने छात्र छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिए सफाई तथा अच्छे खान पीन के महत्व बारे में जानकारी दी। इसके बाद रोवर्स रेंजर्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारियों के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के अंत में मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. सरस्वती द्वारा बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी, सलीम, दानिशता रहमान, पूजा, निशा महमूद आलम, आसिफ, मोहम्मद रजा आदि उपस्थित रहे।

## लारेंस विश्नोई के गुर्गों ने सपा विधायक महबूब अली और उनके बेटे परवेज को फोन पर दी जान से मारने की धमकी



मुरादाबाद-अमरोहा-सपा विधायक महबूब अली व उनके बेटे पूर्व एमएलसी परवेज अली को वाट्सएप काल के माध्यम से जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को गैंगस्टर लारेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताया है। इस मामले में परवेज अली की तहरीर पर अमरोहा नगर कोतवाली में मोबाइल नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही फोन नंबरों को सर्विलांस पर लगाया है। शुक्रवार की दोपहर लगभग सवा तीन बजे सपा विधायक महबूब अली के बेटे पूर्व एमएलसी परवेज अली के मोबाइल नंबर 9837409663 पर 8059581640 नंबर से वाट्सएप काल आई थी। काल करने वाले व्यक्ति ने खुद को सौपू 007 ग्रुप का सदस्य बताया तथा विधायक महबूब अली को जान से मारने की धमकी दी। उसके लगभग 15 मिनट बाद फिर से परवेज अली के मोबाइल पर उसी नंबर से दोबारा वाट्सएप काल आई। ,काल करने वाले ने इस बार खुद को लारेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताया। कहा कि वह शीघ्र ही महबूब अली व परवेज अली की हत्या कर देंगे। धमकी भरी दो काल आने के बाद परवेज अली ने इस संबंध में एसपी विनीत जायसवाल को अवगत कराया।

बाद में नगर कोतवाली में इस संबंध में तहरीर दी। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अमरोहा विस क्षेत्र से लगातार पांच बार के सपा विधायक व उनके बेटे को जान से मारने की धमकी मिलने की जानकारी उनके समर्थकों को हुई तो हड़कंप मच गया। सीओ सदर विजय कुमार राणा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपित की तलाश की जा रही है। विधायक के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस ( 12 जून ) विशेष- पचास बाल श्रमिक मुक्त, अभिभावक किए पोर्टल पर पंजीकृत

मुरादाबाद-बच्चों से मजदूरी कराने का कलंक जड़ से मिटाने के लिए मुरादाबाद जोरशोर से मुहिम में जुट गया है। यूनिसेफ की अगुवाई में श्रम विभाग ने मुरादाबाद के दस वार्डों में विशेष अभियान चलाकर पचास बाल श्रमिकों को चिन्हित करके उन्हें मुक्त कराया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी डॉ.एसपी सिंह ने बताया कि इन सभी बच्चों का दाखिला बाल श्रमिक आवासीय स्कूल में करा दिया गया है। परिवार के आर्थिक पुर्नवासन के मकसद से इन बच्चों के अभिभावकों को ई श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है।यह कार्यवाही पूरी होने के बाद आठ अन्य वार्डों में बाल श्रमिकों को चिन्हित किया गया है। मार्च 2023 तक इससे अधिक वार्डों को बाल श्रम के कलंक से मुक्त कराने पर फोकस किया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी बालेश्वर सिंह ने बताया कि मुरादाबाद में वार्डों को बाल श्रम से मुक्त कराने के लिए इन्हें यूनिसेफ की तरफ से चिन्हित किया गया है। मुक्त हुए बाल श्रमिकों के परिवारों को सरकार की तरफ से संचालित योजना के अंतर्गत आर्थिक मदद मुहैया कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### ये वार्ड हुए बालश्रम मुक्त, पार्षदों का मिला सहयोग

श्रम प्रवर्तन अधिकारी डॉ.एसपी सिंह ने बताया कि मुरादाबाद शहर के जिन दस वार्डों को बालश्रम से मुक्त कराने में सफलता हासिल हुई है, वहां के पार्षद भी सराहनीय योगदान देकर इसमें भागीदार बने हैं। नया गांव वार्ड-7 के पार्षद अजय दिवाकर, झांझनपुर वार्ड-8 की प्रिया सिंह, बुद्धि विहार वार्ड-16 के प्रदीप कुमार शर्मा, लाजपतनगर वार्ड-21 की पूनम बंसल, सूर्यनगर वार्ड-22 की सरोज सैनी, प्रकाश नगर वार्ड-28 के राजेश गुप्ता, कटरापुरम जाट वार्ड-32 के पंकज यादव, डेहरिया वार्ड-49 की शाहीन, फाजलपुर वार्ड-23 के अशोक कुमार व मुक्तिटोला वार्ड-62 के सय्यद असद कमाल का कार्य सराहनीय रहा।

### मुहिम में हमकदम बनीं निर्यात इकाइयां

सालाना हजारों करोड़ का निर्यात करने वाले मुरादाबाद शहर की औद्योगिक इकाइयां बाल श्रम की बुराई को समाप्त करने की मुहिम में मजबूती के साथ हमकदम साबित हुई हैं। श्रम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मुरादाबाद की एक्सपोर्ट फैक्ट्रियों ने दृढ़ता के साथ बच्चों से काम लेने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया है। इससे बाल श्रम रोकने का संदेश छोटे प्रतिष्ठानों तक तेजी के साथ पहुंचा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, पति पर आरोप



मुरादाबाद-थाना क्षेत्र के गांव नानपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत का मामला सामने आया है। वहीं उसके मायके पक्ष के लोगों ने पति पर ही हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया है। शनिवार सुबह नानपुर में एक व्यक्ति की पत्नी बीना की घर में ही दो मंजिले से गिरकर घायल होने की बात सामने आई। आनन-फानन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी पर उसकी मां मुन्नी देवी ने पति, सास व ससुर पर हत्या का आरोप लगाया। उधर सूचना पर थानाध्यक्ष पवन कुमार फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत किया। विवाद बढ़ता देख पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी किसी भी तरफ से शिकायत दर्ज नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

www.knlslive.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Need for promptness

It is a time of examination for the administration and the way care has been taken on Friday, it should be appreciated. In many states, including Uttar Pradesh, there was already an apprehension that the crowd could turn violent after the Friday prayers. Anti-social elements were active in many places, but the vigilance of the administration came in handy. Keep in mind, last week there was stone pelting in Kanpur only after Friday prayers and the atmosphere was disturbed. Therefore, this time the administration was alert, especially in Uttar Pradesh. Peace meetings were also organized at various places and a message was given to the people that there should be no disturbance of peace anywhere.

Nevertheless, people of particular religion have protested at places. Protests have also taken place in Delhi's Jama Masjid against the statement of former BJP spokesperson. It is a good thing that from Delhi to Lucknow and Prayagraj, the Imam and the Ulema themselves have also been alert. It is everyone's responsibility to maintain peace.“The demonstrations that have taken place at places need to be understood with full sensitivity. Our democracy gives everyone the right to express themselves or protest peacefully. If people of a particular community have shown their protest by demonstrating with banners, posters, then it cannot be criticized. Police has had to use force only in a few places, so its need can be easily understood. It's time for a barricade for the police administration. Vigilance shouldn't be limited to Fridays alone. It should be the primary responsibility of the state governments to maintain peace and tranquility promptly in the coming days.

The police should be ready to deal with any kind of situation and most of the places the situation will be brought under control only with consultation. Today it is necessary for the police to keep both its aspects in order. Don't miss any chance to explain. Even after that, if some anti-social elements think of raising their heads, then they should know that they will not escape from the hands of the police. If we talk about Uttar Pradesh itself, then the administration and the government know where there is a need to be more careful. It is not necessary that the chaotic elements are in any particular religion. There is a need to keep an eye on the chaotic elements by every lawful measure. In most cities of the country, the police have exercised vigilance, as the dispute has taken an international form. Such religion-based countries have also started instigating controversy, which have been ruthless towards minorities in their own right. In Arab countries, some companies are also taking action to fire Indians or workers of a particular religion. This is absolutely wrong. Governments are alert, taking action by filing reports at their respective levels. Care has to be taken that there is neither partiality nor showing. We are people of modern era, when the importance of livelihood, education and education is more than ever. When there is unrest in the society, then we must be aware that the poor, helpless people suffer a lot at the grassroot level. We should not increase our troubles in times of inflation or difficulty, in this is the success of the entire society. Therefore, every city, every civic organization and every citizen will have to worry about the respect of their area.“More about this source textSource text required for additional translation information“Send feedback“Side panels

# Seeing Monalisa's 'drowsy youth', the dam of patience of the fans

## broke, wrote, 'Oh my God'

Bhojpuri actress Monalisa has shared pictures of her recent bold photoshoot. Her bold style can be seen in this. Monalisa has shared a total of 9 pictures of her recent photoshoot. In this her slim and toned figure is also visible. Monalisa has deep neck Thai high Wearing a flowery one piece dress - Monalisa is wearing a deep neck Thai high flowery one piece dress. Her hair is open. She has put on make-up and she is seen posing in a bold style. In the second photo, she is in a different style Has posed and she looks very happy. In the third photo she is seen in a different style. In the fourth photo she is posing in a different style. In the sixth photo she is seen laughing happily. In the seventh photo she has posed with her hands on her waist and head. In the eighth photo she is seen draping herself. While in the ninth photo she has taken a long shot. Bold pictures of Monalisa Monalisa's picture has gone viral on Instagram They have gone viral on me. She has taken these pictures in her vanity van. While sharing the pictures, Monalisa has written, 'Photo lover, shoot life, is not the look of the web series' More than 12 thousand likes have been received. While more than 400 comments have been made on it. Many people have commented like Fire, Gorgeous, Looking so hot, Looking so sexy, You look so gorgeous, You are my love. Monalisa often shares her hot and sexy photos. Shares bold pictures and videos - Nalissa is very active on social media. She often shares her hot and bold pictures and videos. She has 51 lakh followers on Instagram. She often shares reel on Instagram with her husband Vikrant Singh, Which fans also like very much.



# Rishi Kapoor and Neetu Kapoor had a breakup during the song 'Purda Hai Purdah', said- 'I had to throw roses and ..'

Bollywood's beautiful actress Neetu Kapoor is judging 'Dance Deewane Juniors' with Marzi Pestonji and Nora Fatehi these days, on the other hand she is judging her film 'Jug Jug'. There has also been a lot of discussion about 'Jio'. After the passing of Rishi Kapoor, Neetu was left alone and often she shares things related to her and Rishi. In such a situation, Neetu Kapoor told in Dance Deewane Juniors that she had a breakup with Rishi Kapoor during Parda Hai Parda. Neetu-Rishi had a breakup“Actually, a performance was seen in the show on the song 'Purda Hai Purdah' from the film 'Amar Amar Anthony', after which Neetu requested Neetu to recreate the song on stage. After this Neetu gave a great performance on this song and also shared an anecdote related to it. Neetu Kapoor, who has featured in popular films like "Kabhi Kabhi", "Amar Akbar Anthony", "Kala Patthar" and "Yaarana", says returning to work after a hiatus is her "best decision". To release on June 24 Jug Jug Jio- Recently in an event related to Jug Jug Jio, Neetu had said, 'I cannot be more thankful to anyone than Karan. He encouraged me, told me I had to work. It was the best decision for me. I am sure he (Rishi) would have been extremely happy. This film is always going to be special as I am coming back to Hindi films. Kiara Advani, Varun Dhawan, Anil Kapoor will also be seen in 'Jug Jug Jio'. Anil Kapoor will be playing Neetu Kapoor's husband in the film. Terming Neetu Kapoor as the best actress, Dhawan said that she will 'shock everyone' with her work. The film will release on June 24.



# कन्यादान के दौरान रगं डालने पर हुऐ विवाद में हुई फायरिगं में गोली लगने से एक महिला की मौत , दो लोग घायल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगंज सर्किल के अन्तर्गत आने वाले थाना जसरथपुर क्षेत्र के ग्राम फर्दपुरा में आज शनिवार की प्रात- लगभग सात बजे के आस पास विवाह समारोह के पश्चात कन्यादान कार्यक्रम के दौरान रगं डालने से उतपन्न हुऐ विवाद के बाद हुई फायरिगं में गोली लगने से एक विवाहित महिला श्रीमती सुधा पत्नी मंजेश निवासी ग्राम चन्दौआ थाना फतेहगढ की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जब कि एक अन्य व्यक्ति राजेन्द्र कुमार पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम महरूपुर सहजू फतेहगढ के गोली



लगने के बाद एटा स्वशासी मेडीकल कॉलेज से आगरा एस.एन.हॉस्पीटल के लिऐ रैफर कर दिया गया है !तीसरे घायल व्यक्ति राधेश्याम पुत्र तालेवर का उपचार चल रहा है ! सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिहं व अपर पुलिस अधीक्षक धनजंय सिहं कुशवाह एवं सीओ अलीगंज राजकुमार सिहं तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवली अलीगंज राजेश मीणा सहित अन्य थानो का फोर्स ग्राम फर्दपुरा पहुंच गया जहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आला अधिकारियों के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद पीडितजनों को ढांढस बंधाते हुऐ अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी कर जेल भेजने का आश्वासन दिया गया है ! ग्राम फर्दपुरा आयी थी ! ललिता का विवाह समारोह रामलखन पुत्र मेघनाथ निवासी ग्राम मेहरूपुर सहजू थाना फतेहगढ के साथ गत शुक्रवार की रात्रि समपन्न हुआ था ! इधर विवाह समारोह में वर पक्ष से बारातियों को लेकर आयी बुलेरो गाडी में भी उपद्रवियों ने तोडफोड करते हुऐ बारातियों के साथ मारपीट की !

# इंटरमीडिएट पास चला रहा था नर्सिंग होम, छापा पड़ते ही छत से कूदकर भागा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में सकीट कस्बा स्थित एक नर्सिंग होम पर बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम का छापा पड़ते ही संचालक छत से कूदकर भाग गया। शिकायत की गई थी कि इंटरमीडिएट पास व्यक्ति नर्सिंग होम संचालित कर रहा है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इसे सील कर दिया। ,कस्बा सकीट में ओंछा रोड स्थित अंबिका नर्सिंग होम पर एसीएमओ डॉ. सर्वेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ छापा मारा। टीम को देखकर संचालक छत से कूदकर भाग गया। एसीएमओ डॉ. सर्वेश कुमार ने बताया कि शिकायत मिली थी कि संचालक इंटरमीडिएट तक शिक्षित है और नर्सिंग होम का संचालन कर रहा है। इसी शिकायत पर छापा मारा गया था।

## दो दिन के अंदर मांगा गया जवाब

एसीएमओ डॉ. सर्वेश कुमार ने बताया कि नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है। नोटिस चस्पा करके दो दिन के अंदर जवाब मांगा गया है। उन्होंने बताया कि नर्सिंग होम के अंदर चार बेड, दो तख्त पाए गए। वहां किसी की मेडिकल संबंधी कोई डिग्री नहीं मिली। एसीएमओ ने बताया कि कस्बा सकीट स्थित आसपुर चौराहा पर क्लीनिक संचालक जयवीर सिंह और शहर के हिंदू नगर के पास क्लीनिक संचालक प्रवीन कुमार को भी नोटिस दिए गए हैं।

# गायों के लिए भोजन की व्यवस्था हेतु सरकार के कड़े कदम, गौशाला हेतु हरे चारे के लिए हुए टेंडर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी गौमाता के अनन्य भक्त तो हैं ही,अपितु प्रदेश में छुट्टा घूमने वाली गायों को लेकर भी बहुत चिंतित रहते हैं।इस समस्या के निदान हेतु प्रदेश के हर कस्बे ग्राम पंचायतों में सरकारी भूमि पर गौशालाओं का निर्माण कराया गया है।जिसमें रहने वाली गायों के भोजन पानी के व्यवस्था के लिए ग्रामीण अंचलों में ग्राम प्रधान,और सेक्रेटरी,तथा नगर पालिका और नगर पंचायतों में इन गौशालायों की जिम्मदारी का भार वहां के चैयरमैनो को सोपा गया है।अधिकतर गौशाला जो शहरी क्षेत्रों में हैं उनके भोजन की व्यवस्था स्वयं पालिकाध्यक्ष,नगर पंचायत,अध्यक्ष देख रहे हैं, परन्तु जो भी गौशालाएं ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, वहाँ की व्यवस्था प्रधानों और सेक्रेटरी के आपसी विवादों की बजह से बिगड़ी हुई है, जिसकी बजह से गौवंश की हानि हो रही है।गायों के भोजन की समस्या के निदान हेतु सरकार ने टेंडर पास किए हैं, जिनके आधार पर दिन में दो वार प्रत्येक गौशाला पर नियमित हरे चारे की सप्लाई की जा रही है।अलीगंज के ग्रामीण क्षेत्र आजमनगर की गौशाला में रहने वाली गायों की देखभाल करने वाले स्थानीय पशुचिकित्साधिकारी डॉ0 गौरव गंगवार और उप मुख्यजिला चिकित्साधिकारी डॉ0आर0के0शर्मा ने मीडिया को बताया कि चारे के अभाव में गौशाला में रहने वाली गायों की दुर्दशा पर मैंने सज्ञान लेते हुए ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी को गायों के भोजन की व्यवस्था हेतु कहा, अब तो सर्कारबकी तरफ से गायों के लिए हरे चारे के टेंडर हो चुके हैं, और दिन में दो बार हरा चारा टाइम से आ रहा है, इससे अब गायों की हालत में सुधार होगा और हमारी गौशाला में रहने वाली गाएं भी स्वस्थ रहेगी।

www.knlslive.com

# शादी समारोह में जमकर हुई फायरिंग में एक महिला की मौत, 2 लोग घायल



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जसरथपुर थाना के ग्राम फर्दपुरा में शादी समारोह में ताबड़तोड़ फायरिंग से हड़कंप, शादी समारोह में जमकर हुई फायरिंग में एक महिला की मौत, 2 लोग घायल देर रात शादी समारोह में रंग डालने को लेकर आपस में हुआ था विवाद, विवाद में लड़की की शादी में आए लोगों से हुई ताबड़तोड़ फायरिंग, फायरिंग की सुधा पत्नी मंजीत उम्र 30 वर्ष की गोली लगने से हुई मौत, दो घायलो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैथरा में कराया गया भर्ती, घटनास्थल पर सीओ राजकुमार सिंह पुलिस वल के साथ मौजूद, मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा,

# मुस्लिमों ने बंद रखे प्रतिष्ठान, पुलिस अधिकारियों ने मारहरा में डाला डेरा



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विगत दिनों भाजपा की प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा मुस्लिम धर्म के पैगम्बर को लेकर की गई टिप्पड़ी के विरोध में शुक्रवार को मारहरा में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध जताया। नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग वाले पोस्टर भी दीवारों पर चिपका दिये। मारहरा में विरोध प्रदर्शन की खबर लगते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मारहरा पहुंच गये। सुबह से शाम तक कस्बा में भारी संख्या में पुलिसबल गश्त करता रहा। वहीं शांति और सुरक्षा के मद्देनजर प्रमुख चौराहों, तिराहों के साथ साथ सभी मस्जिदों पर भी पुलिस पिकेट तैनात कर दिए गये। हालाँकि सूचना कस्बा में जुलूस निकलने की भी थी, लेकिन जुलूस नहीं निकाला गया। दोपहर को जुमा की नमाज भी शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। शाम को सभी दुकानें खोल लीं गईं। एडीएम आलोक कुमार, एएसडीएम वेदप्रिय आर्य, एएसपी धनजयसिंह कुशवाह, सीओ राघवेंद्रसिंह राठौर, एसओ सत्यपालसिंह के अलावा भारी संख्या में पुलिस एवं पीएसी के जवान मौजूद रहे।

# कोतवाली नगर क्षेत्र के समस्त ई- रिक्शा चालकों की गोष्ठी आयोजित कर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-यातायात जागरूकता अभियान के तहत, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के समस्त ई- रिक्शा चालकों की गोष्ठी आयोजित कर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश। सडक सुरक्षा जीवन रक्षा卐यातायात जागरुकता अभियान एवं मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के निर्देशन में, एआरटीओ श्री हेमचन्द्र गौतम ,यातायात प्रभारी बचान सिंह, टीएसआई सतीश चन्द्र, हे0का0 यातायात सर्वेश कुमार एवं अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा नगर क्षेत्र के ई-रिक्शा चालकों को पुलिस लाइन में एकत्रित किया गया सभी लोगों को रिक्शा संचालन के बारे में भलीभाँति समझाया गया कि आने



वाले समय में रजिस्ट्रेशन किये हुये ई-रिक्शा मात्र ही चलेगें , उनके परिवारजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु अनुरोध किया गया, साथ ही उन्हें मिशन शक्ति अभियान एवं आकस्मिक टोल फ्री नम्बर 1090,112,108 आदि के बारे में जानकारी दी गयी! उक्त अवसर पर कार्यशाला में पुलिस बल द्वारा ट्रैफिक नियमों, संकेतों, हेलमेट सीट बेल्ट व अन्य सुरक्षा उपकरणों की अनिवार्यता के सम्बंध में भी जानकारी दी गई एवं सड़क सुरक्षा से सम्बंधित पम्पलेट वितरित किये गए। अभियान के तहत क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले आटों के पायदान कटवाये गये,अवैध पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध, व वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाइजर के द्वारा मादक द्रव्य के सेवन करने वालों की जाँच की गयी, दैनिक अभियान के दौरान वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग न करने, तीन सवारी ,रॉंगसाइड, खतरनाक तरीके से वाहन चलानें, ओवरलोडिंग करने वालों के विरुद्ध 111 ई-चालान किये गये।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# पत्रकार मोहम्मद अख्तर अली एव योगेश देवांगन ने पीड़ित महिला को ब्लड डोनेट कर बचाई जान



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-रक्तदान ऐसा दान, जिसकी बराबरी का कोई दूसरा दान नहीं। यह ऐसा दान है, जिससे दूसरों की जिंदगी बचाई जा सकती हैं। सांसों की टूटती डोर को थामा जा सकता है, लेकिन कई बार जरूरतमंद मरीजों को उनके ग्रुप का खून नहीं मिल पाता। आज यही देखने को मिला जिला चिकित्सालय सूरजपुर में ग्राम महोली विकासखंड ओडगी निवासी 20 वर्षीय श्रीमती उर्मिला पति जगधारी जिनका प्रसव 9 जून को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहरसोप में कराया जा रहा था। महिला के शरीर में खून की कमी के कारण 11 जून को प्रात: 3.45 बजे जिला चिकित्सालय सूरजपुर लाया गया। ब्लड जांच उपरांत शरीर में मात्र 2.2 ग्राम खून था उन्हें तत्काल ब्लड की आवश्यकता थी उनका ब्लड जांच कराया गया बी पॉजिटिव पाया गया और ब्लड बैंक में बी पॉजिटिव ग्रुप का ब्लड उपलब्ध नहीं था।

ब्लड बैंक के लैब टेक्नीशियन श्री संतोष साहू ने तत्परता दिखाते हुए टेलीफोन के माध्यम से ओम साईं रक्तदाता समिति जरही एवं ईटीवी के जिला प्रतिनिधि पत्रकार मोहम्मद अख्तर अली से संपर्क किया उन्होंने मानवीयता दिखाते हुए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर प्रात: 6बजे ब्लड डोनेट कर पीड़ित महिला को जान बचाई। ईटीवी के जिला प्रतिनिधि पत्रकार मोहम्मद अख्तर अली ने कहा कि किसी भी मजबूर व्यक्ति को रक्त के कमी से जान ना जा सके और उन्होंने ब्लड डोनेट करते हुए यह भी कहा कि जीवन बचाने के लिए रक्तदान का यह सफर आगे भी जारी रहेगा युवाओं को आगे आकर बेबस व असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने रक्त दाताओं की इस पुनीत कार्य की सहाराना कर आभार व्यक्त किया जिन्होंने रक्तदान कर महिला की जीवन बचाई।

# कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र लालपुर मे ली सेक्टर बैठक




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही / कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज उप स्वास्थ्य केंद्र लालपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र सिंह पैकरा की उपस्थिति मे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, सुपरवाइजर, आगनबाड़ी सुपरवाइजर, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन, प्रशिक्षक ब्लॉक कॉर्डिनेटर, लैब टेक्नीशियन की सेक्टर बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान जल्द से जल्द कर उनका इलाज सुनिश्चित करने, गुणवत्तापूर्ण एएनसी जाच करने, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा पाए जाने पर उसकी समीक्षा तेजी से करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सेक्टर के अलग-अलग सेक्शन में किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली तथा गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, बच्चों के जन्म लेने की संख्या, टीकाकरण, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, वजन जांच आदि विभिन्न कार्यों की विस्तार से जानकारी ली तथा इन कार्यो को पूरी गंभीरता से करते हुए नियमित मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर द्वारा रीप्रोडक्टिव चाइल्ड हेल्थ रजिस्टर की एंट्री पूर्ण कर ही स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली में एंट्री करने कहा । इसके साथ ही सेक्टर बैठक में सभी राष्ट्रीय कार्यकमों की समीक्षा कर उसमे सुधार करने निर्देशित किया गया है। सेक्टर बैठक लालपुर में डॉक्टर देवेश द्विवेदी,बलॉक मेडिकल ऑफिसर ए आई मिंज आदि उपस्थित थे।

# पुलिस व प्रशासन की टीम ने विश्रामपुर में फुटपाथ पर किए अतिक्रमण को हटवाया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- अतिक्रमण के कारण सड़क पर लगने वाले जाम की समस्या से लोगों को छुटकारा दिलाने के प्रयास में विश्रामपुर पुलिस जुट गई है। शुक्रवार को थाना प्रभारी विश्रामपुर ट्रेनी आईपीएस संदीप कुमार पटेल के नेतृत्व में नायब तहसीलदार अंकिता तिवारी, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय व पुलिस की टीम ने अभियान चलाकर एनएच-43 विश्रामपुर मेन मार्केट में दोनों किनारे से दुकानदारों के द्वारा फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया और दुकानदारों को दुकान के सामान को बाहर ना रखने की सख्त हिदायत दी गई। इस दौरान एएसआई सुनील सिंह, सोहन सिंह, अशोक तिर्की, प्रधान आरक्षक अविनाश सिंह मौजूद रहे।

## तेज व लापरवाही पूर्वक ट्रेक्टर चलाते हुए ठोकर मार दिया ,एक की मौत

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-चौकी लटोरी के ग्राम महेशपुर निवासी शिवकुमार दास अपने भतीजा नरसिंग वैष्णव के साथ मोटर सायकल से शादी में शामिल होने पाठकपुर गए थे जहां से वापस घर महेशपुर जाने के दौरान ग्राम शिवपुर के पास पीछे तरफ महेन्द्र ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 15 ए 6945 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक ट्रेक्टर चलाते हुए ठोकर मार दिया जिससे मोटर सायकल सवार दोनों रोड़ में गिर गए जिन्हें काफी चोटे लगी जिन्हें उपचार के के लिए रामानुजनगर अस्पताल लाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय सूरजपुर ले जाया गया जहां डॉक्टर ने शिवकुमार दास को मृत घोषित कर दिया और नरसिंग वैष्णव को ईलाज के लिए भर्ती किया गया। मामले में थाना रामानुजनगर पुलिस ने ट्रेक्टर चालक के विरूद्ध धारा 294, 337, 304ए भादस. के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# विधानसभा स्तरीय भाजपा किसान सम्मेलन ओड़गी के इंदरपुर बगीचा में हुआ सम्पन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी-भाजपा किसान मोर्चा के तत्वावधान में भटगांव विधानसभा क्षेत्र का विधानसभा स्तरीय किसान सम्मेलन ओड़गी विकासखंड के ग्राम पंचायत इंदरपुर के बगीचा में पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा,अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण सिंह , प्रदेश किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अजय गोयल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकरण साहू , जिला किसान मोर्चा महामंत्री सुनील गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश्वर पैकरा , भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी राजवाडे , भाजपा जिला मंत्री अशोक सिंह , भाजपा मंडल ओड़गी अध्यक्ष राजेश तिवारी , भैयाथान भाजपा मंडल अध्यक्ष मार्तण्ड साहू , भाजपा लटोरी मंडल अध्यक्ष मोहन शर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री विभीषण यादव , ओड़गी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिव कुमार राजवाड़ेकी गरिमामयी उपस्थिति मे संपन्न हुआ7इस मौके पर पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा ने कहा कि केन्द्र सरकार ने किसानों की मजबूती के लिए हर वर्ष किसान सम्मान निधि की राशि देकर उन्हें बड़ा सहयोग प्रदान किया है। भाजपा मंडल ओड़गी अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आई है तब से किसान वर्ग परेशान हैं धान बेचते समय परेशान खाद लेते समय परेशान जिससे किसान वर्ग काफी निराश है ?।इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण गुर्जर, केशव सिंह, कोषाध्यक्ष संधारी यादव , मंडल उपाध्यक्ष संतोष सिंह , पूर्व जनपद अध्यक्ष सत्यनारायण पैकरा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नीरज गुर्जर अशोक गुप्ता , प्रदीप द्विवेदी , आशीष सिंह , भाजपा मंडल मिडिया प्रभारी मोहन राम राजवाड़े, सोहन कुर्रे, सद्दाम , विनीता यादव , गौरी सिंह , बेबी बंछोर,ऋषि राज गुर्जर,सुरमीला ,अरुण सिंह , दुर्गा गुप्ता , राममोहर यादव , रावेन्द्र गुर्जर , नधीर पैकरा , मुन्नीलाल पैकरा जगदेव यादव ,विन्देसरी सिंह , सुग्रीव यादव , बुधराम पटेल , तपेश्वर गुर्जर , सूरत लाल , अवधेश , शंकर दूबे , चंदन विश्वकर्मा , विश्वरंजन , प्रियांशु यादव,अजेन्द्र गुर्जर , राजेंद्र जायसवाल ,कौलेश देवांगन , भूपेन्द्र भारती , जमुना प्रसाद , रविशंकर गुप्ता प्रीतपाल सिंह , कविता सिंह , बृजेश काशी , रामबरन राजवाड़े , शुकुल राजवाड़े , बचन राम , बृजराज गुर्जर , बागेश्वर , जिलेश्वर , मंगल पंडो , शिवचरण राजवाड़े , रमेश सोनी , प्रवीण गुप्ता , अतेश्वर , नरेश जायसनाल , देवकुमार सोनी , शिवकुमार यादव , कुंजलाल , उमेश्वर विनोद सिंह , प्रेमचन्द राजवाड़े , परसराम साहू , जितेंद्र यादव, रामगुलाब यादव,अशोक यादव , इन्द्रपाल गुप्ता , शशि विश्वकर्मा , धर्मजीत यादव , धनंजय पैकरा , रवीन्द्र पैकरा ,सुरेश पैकरा , सुखदेव राजवाड़े , सुखलाल , संतोष रामकिसुन , श्यामलाल , इन्दरप्रसाद , सुशांत यादव, व सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।